
## खण्ड क

1. किसी पतली प्लास्टिक की छड़ को त्रिज्या R के वृत्ताकार वलय के रूप में मोड़ा गया है । इसे आवेश घनत्व $\lambda$ से एकसमान आवेशित किया गया है । इसके केन्द्र पर विद्युत-क्षेत्र का परिमाण है :

(A) $\frac{\lambda}{2\varepsilon_0 R}$ (B) शून्य (C) $\frac{\lambda}{4\pi\varepsilon_0 R}$ (D) $\frac{\lambda}{4\varepsilon_0 R}$

2. तीन आवेशित छोटे गोले X, Y और Z जिन पर क्रमशः आवेश + q, – q और + q हैं, आरेख में दर्शाए अनुसार एक-दूसरे से समदूरस्थ स्थित हैं । गोले Y और Z को स्थिर रखा गया है । आरम्भ में X भी अपने स्थान पर स्थिर है परन्तु यह गति के लिए स्वतंत्र है । जब X को मुक्त किया जाता है, तो इसके द्वारा चला गया पथ होगा :




(A) A (B) B (C) C (D) D

3. किसी एकसमान सीधे तार में, चालन इलेक्ट्रॉन + x दिशा के अनुदिश गमन करते हैं । मान लीजिए तार में $\vec{E}$ और $\vec{j}$ क्रमशः विद्युत-क्षेत्र और धारा घनत्व हैं । तब :

(A) $\vec{E}$ और $\vec{j}$ दोनों + x दिशा के अनुदिश हैं ।

(B) $\vec{E}$ और $\vec{j}$ दोनों – x दिशा के अनुदिश हैं ।

(C) $\vec{E}$ + x दिशा के अनुदिश, परन्तु $\vec{j}$ – x दिशा के अनुदिश है ।

(D) $\vec{E}$ – x दिशा के अनुदिश, परन्तु $\vec{j}$ + x दिशा के अनुदिश है ।

4. दो आवेशित कणों P और Q जिन पर समान आवेश q परन्तु जिनके द्रव्यमान $m_1$ और $m_2$ हैं, को समान विभवान्तर V द्वारा त्वरित किया गया है । ये चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}$ ($\perp \vec{v}$) के प्रदेश में प्रवेश करने पर क्रमशः a और b त्रिज्याओं के वृत्ताकार पथ पर गति करते हैं । तब $\left(\frac{m_1}{m_2}\right)$ बराबर है

(A) $\frac{a}{b}$ (B) $\frac{b}{a}$ (C) $\left(\frac{a}{b}\right)^2$ (D) $\left(\frac{b}{a}\right)^2$

15. *अभिकथन (A) :* जब दो कुण्डलियों को एक-दूसरे के ऊपर लपेटा जाता है, तो उनके बीच अन्योन्य प्रेरकत्व अधिकतम होता है ।

*कारण (R) :* जब दो कुण्डलियाँ एक-दूसरे पर लिपटी होती हैं, तब उनके बीच फ्लक्स संबद्धता अधिकतम होती है ।

16. *अभिकथन (A) :* प्रकाश-विद्युत प्रभाव में, उत्सर्जित फोटो-इलेक्ट्रॉनों की गतिज ऊर्जा में आपतित प्रकाश की तीव्रता में वृद्धि के साथ वृद्धि होती है ।

*कारण (R) :* प्रकाश-विद्युत धारा आपतित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य पर निर्भर करती है ।

## खण्ड ख

17. लम्बाई L और अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल A के किसी एकसमान तार का प्रतिरोध R है । इस तार को एकसमान रूप से खींचकर इसकी लम्बाई में 25% वृद्धि की गई है । तार के प्रतिरोध में प्रतिशत वृद्धि परिकलित कीजिए । *2*

18. कोई बिम्ब 40 cm वक्रता त्रिज्या के किसी अवतल दर्पण के सामने 30 cm दूरी पर स्थित है । (i) बने प्रतिबिम्ब की स्थिति तथा (ii) प्रतिबिम्ब का आवर्धन ज्ञात कीजिए । *2*

19. गतिज ऊर्जा E के किसी न्यूट्रॉन (द्रव्यमान m) तथा समान ऊर्जा के किसी फ़ोटॉन पर विचार कीजिए । मान लीजिए न्यूट्रॉन की दे ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य $\lambda_n$ तथा फ़ोटॉन की तरंगदैर्ध्य $\lambda_p$ है । $\frac{\lambda_n}{\lambda_p}$ के लिए व्यंजक प्राप्त कीजिए । *2*

20. (क) आवृत्ति $5{\cdot}0 \times 10^{14}$ Hz का एकवर्णी प्रकाश वायु से अपवर्तनांक 1·5 वाले माध्यम में गमन करता है । दोनों माध्यमों के अन्तरापृष्ठ पर (i) परावर्तित प्रकाश, तथा (ii) अपवर्तित प्रकाश की तरंगदैर्ध्य ज्ञात कीजिए । *2*

**अथवा**

(ख) 16 cm फोकस दूरी का कोई समतलोत्तल लेंस अपवर्तनांक 1·4 के पदार्थ का बना है । लेंस के वक्रित पृष्ठ की त्रिज्या परिकलित कीजिए । *2*

21. 'विसरण धारा' तथा 'अपवाह धारा' में अंतर बताइए । p-n संधि निर्माण में इनकी भूमिका समझाइए । *2*

## खण्ड ग

**22.** पट्टिकाओं के बीच 1 mm पृथकन वाले वायु से भरे किसी समान्तर पट्टिका संधारित्र की धारिता 20 pF है । इसे 4·0 μC तक आवेशित किया गया है । यदि पट्टिकाओं पर आवेश समान रहता है, तो पट्टिकाओं के बीच पृथकन 5 mm करने के लिए इसकी पट्टिकाओं को खींचने में किया जाने वाला कार्य परिकलित कीजिए । *3*

**23.** (क) 'धारा घनत्व' को परिभाषित कीजिए । क्या यह अदिश है या सदिश ? किसी धातु के चालक में कोई विद्युत-क्षेत्र $\vec{E}$ बनाए रखा गया है । यदि इस चालक के प्रति एकांक आयतन में इलेक्ट्रॉनों (द्रव्यमान m, आवेश – e) की संख्या n है तथा इसका विश्रान्ति काल τ है, तो यह दर्शाइए कि धारा घनत्व $\vec{j} = \alpha \vec{E}$ है, जहाँ $\alpha = \left(\frac{ne^2}{m}\right)\tau$ है । *3*

**अथवा**

(ख) व्हीटस्टोन सेतु किसे कहते हैं ? व्हीटस्टोन सेतु के संतुलन के लिए आवश्यक शर्तें प्राप्त कीजिए । *3*

**24.** अनुप्रस्थ-काट क्षेत्रफल $0{\cdot}2\ cm^2$ की किसी वृत्ताकार कुण्डली से 4 A धारा प्रवाहित हो रही है । इसे 0·5 T परिमाण के एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र में इस प्रकार रखा गया है कि कुण्डली का तल चुम्बकीय क्षेत्र के अभिलम्बवत् हो । परिकलित कीजिए :

(क) कुण्डली पर नेट बल ।

(ख) कुण्डली पर बल-आघूर्ण ।

(ग) चुम्बकीय क्षेत्र के कारण कुण्डली के प्रत्येक इलेक्ट्रॉन पर औसत बल । इस कुण्डली के पदार्थ में मुक्त इलेक्ट्रॉन घनत्व $10^{28}\ m^{-3}$ है । *3*

**25.** (क) किसी परिपथ में ac स्रोत की आवृत्ति के साथ निम्नलिखित के विचरण को दर्शाने के लिए ग्राफ खींचिए :

(i) प्रतिरोध

(ii) संधारित्र प्रतिघात

(iii) प्रेरणिक प्रतिघात

(ख) क्या किसी श्रेणी LCR परिपथ में किसी प्रेरक अथवा संधारित्र के सिरों पर वोल्टता पात ac स्रोत की अनुप्रयुक्त वोल्टता से अधिक हो सकती है ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । *3*

